राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने ‘सम्पूर्ण क्रांति दिवस’ के अवसर पर लोकनायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 05 जून 2017

महामहिम राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने आज ‘सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस’ के अवसर पर आयोजित एक राजकीय समारोह में महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता–सेनानी लोकनायक स्व॰ जय प्रकाश नारायण की गाँधी मैदान के दक्षिणी–पश्चिमी छोर पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व॰ जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कई गणमान्य जन आदि ने भी लोकनायक जय प्रकाश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन प्रस्तुत किये गये।

....